BRITISH COLUMBIA

# पृष्ठभूमि 3

तुरंत जारी करने हेतु — वित्त मंत्रालय

2021FIN0023-000744

20 अप्रैल, 2021

**महामारी के दौरान और उस के पश्चात लोगों को सहारा**

ब्रिटिश कोलंबिया निवासी इस वायरस का मुकाबला करने के लिए और ज़िंदगी को वापस पटरी पर लाने के लिए कड़ा परिश्रम कर रहे हैं। लोगों को इस महामारी के दौरान सहारा देने के लिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जब बी सी आर्थिक पुन:प्राप्ति की तरफ बढ़ रहा है, तो लोग और ज़्यादा पिछड़ न जाएँ, बजट 2021 में बी सी को हर एक के लिए और अधिक वहन करने योग्य बनाने के लिए सहायता साधन और सेवाएं शामिल की गई हैं।

**हर एक के लिए एक वहन करने योग्य बी सी का निर्माण**

**12 साल और उस से कम आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क सार्वजनिक यातायात**

पूरे प्रांत में 12 साल और उस से कम आयु के, 340,000 से अधिक बच्चे इस सितम्बर में क्लासें शुरू होने के समय से सार्वजनिक यातायात साधनों के द्वारा मुफ़्त सफ़र कर सकेंगे। सरकार लोगों के और अधिक वहन करने योग्य ढंग से इधर उधर जाने के लिए $26 मिलियन का निवेश कर रही है, जिस में फेडरल-प्रांतीय रीस्टार्ट एग्रीमेंट के द्वारा प्राप्त $15 मिलियन शामिल हैं। ट्रांसलिंक सेवा क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों को प्रति वर्ष हर उस बच्चे के लिए $672 तक की बचत होगी जो मासिक पास का प्रयोग करता है, जब कि उन भाईचारों में रहने वाले परिवार जहाँ बी सी ट्रांज़िट द्वारा सेवाओं दी जाती हैं, प्रति वर्ष $400 तक की बचत कर सकेंगे।

**शिक्षा में निवेशों के द्वारा बी सी के युवकों की सहायता**

इस महामारी ने बी सी के युवकों, अध्यापकों और सहायक स्टाफ के लिए विशेष रूप में मुश्किलें पैदा की हैं। बजट 2021 में बी सी की शिक्षा प्रणाली में निवेश करना जारी रखा गया है ताकि स्कूलों में मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायता साधनों तक पहुँच में सुधार हो सके और नस्लवाद और मेल-मिलाप के समाधान के लिए एक नेटवर्क विकसित किया जा सके जिस से आने वाली पीढ़ी उस सुरक्षा और सहारे के साथ विकास कर सके जिस की उन को फलने फूलने के लिए ज़रूरत है। बजट 2021 के द्वारा माली योजना के दौरान संचालन के लिए माली मदद के रूप में $1.2 बिलियन का निवेश किया जा रहा है ताकि बी सी की के-12 व्यवस्था में छात्रों

की बढ़ रही संख्या को सहारा दिया जा सके और अध्यापकों और सहायक स्टाफ के लिए सस्टेनेबल सरविसज़ नेगोशीएटिंग मैनडेट के अंतर्गत हुई समझौता-वार्ता के अनुसार वेतन वृद्धि में सहायता दी जा सके। बजट 2021 में माली योजना के दौरान पूँजीगत निवेशों के रूप में $3.5 बिलियन भी शामिल हैं, ताकि पूरे प्रांत के भाईचारों में स्कूलों को बढ़ाया जा सके, बदला जा सके, उन की देखभाल की जा सके या हालत में सुधार किया जा सके।

**पूरे बी सी के भाईचारों में वहन करने योग्य और अधिक आवास का निर्माण**

सरकार की ओर से 2018 में अपनी 10-वर्षीय होमज़ फॉर बी सी योजना के आरंभ करने से ले कर 26,000 से अधिक नए घरों का निर्माण किया जा चुका है या हो रहा है। बजट 2021 के द्वारा बढ़ रहे परिवारों, बुज़ुर्गों, हिंसक स्थितियों में से निकलने वाली स्त्रियों और बच्चों, छात्रों और मूलवासी लोगों के लिए और अधिक वहन करने योग्य आवास के विकल्प उत्पन्न कर के इस मुख्य प्रथमता को निरंतर सहायता दी जा रही है। आगामी तीन से पाँच वर्षों के दौरान मध्य-आय वाले परिवारों के लिए लगभग 9,000 नए घरों का निर्माण संभव बनाने के लिए भागीदारों के साथ सहयोग करने के लिए इस में विकास वित्त-पोषण के लिए हाउसिंग हब प्रोग्राम के द्वारा अधिकतर $2 बिलियन शामिल किए गए हैं।

**ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों के लिए वहन करने योग्य बाल-संभाल**

पिछले चार वर्षों के दौरान ऐतिहासिक निवेशों के द्वारा 35,000 से अधिक बी सी के परिवारों की अब सस्ती बाल-संभाल तक पहुँच हो चुकी है। बजट 2021 में सभी परिवारों के लिए गुणवत्ता-पूर्ण और वहन करने योग्य बाल-संभाल उपलब्ध करवाने के लिए सरकार की योजना जारी रखी गई है, जिस में चाईलडकेयर बी सी यूनिवर्सल प्रोटोटाइप साईट्स के द्वारा $10 प्रति दिन वाले बाल-संभाल स्थानों की संख्या दोगुनी से अधिक करने के साथ साथ कामगारों के वेतन में सुधार करना और हज़ारों और नए स्थान बढ़ाना शामिल है।

**बी सी रिकवरी बेनिफिट**

आज की तारीख़ तक $1.2 बिलियन से अधिक द्वारा स्थानिक अर्थ व्यवस्थाओं को उभारने के साथ साथ बी सी रिकवरी बेनिफिट से लगभग 2.5 मिलियन ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को मदद मिली है। यह बेनिफिट, योग्य परिवारों और अकेले माँ-बाप को $1,000 तक, और योग्य व्यक्तियों को $500 तक एक ही बार प्राप्त होने वाली, टैक्स-मुक्त अदायगी प्रदान करता है। बी सी रिकवरी बेनिफिट के लिए माली मदद देना जारी रखने के लिए बजट 2021 में $100 मिलियन शामिल किए गए हैं। लोग जून 30, 2021 तक आवेदन कर सकते हैं।

**ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को स्वस्थ रखना**

एक स्वस्थ अर्थ व्यवस्था और एक स्वस्थ भविष्य के लिए स्वस्थ परिवार बेहद ज़रूरी होते हैं, और बजट 2021 के द्वारा ब्रिटिश कोलंबिया के परिवारों को कोविड-19 से निरंतर सुरक्षित रखा जायेगा और कोलंबिया और सुरक्षित रहने के लिए उन स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा बढ़ाया जाएगा जिन पर लोग निर्भर करते हैं।

**बी सी के कमज़ोर लोगों को सहारा**

उन बहुत से लोगों के लिए जिन्होंने पहले से ही व्यवस्थागत रुकावटों या दमन का सामना किया है, कोविड-19 महामारी के प्रभावों ने मौजूदा असमानताओं में बढ़ोतरी कर दी है। मूलवासी स्त्रियों, रंगदार लोगों, अपंगता वाली महिलाओं, ग़ैर-युग्म (नॉन-बाइनरी) लोगों और 2ऐस्स ऐल्ल जी बी टी क्यू (2SLGBTQ+) समुदाय के लोगों के लिए दीर्घ-कालीन आर्थिक असुरक्षा में और भी बढ़ोतरी हो जाती है। वह रुकावटें, जो सहायता साधनों तक पहुँच में बाधा डालती हैं, को दूर करने या तोड़ने में सहायता देने के लिए बजट 2021 में असमानता का सामना करने वाले लोगों की ओर देशित प्रोग्राम और माली मदद शामिल है ताकि वह सहायता जिस की लोगों को ज़रूरत है या जब इस की ज़रूरत हो, उन को मिल सके।

**आय और डिसेबिलिटी सहायता**

माली रुकावटों का सामना कर रहे लोगों के लिए, बजट 2021 में बी सी में आय और डिसेबिलिटी सहायता में आज तक का सब से बड़ा स्थायी विस्तार शामिल है। 2017 से ले कर कुल मिला कर $150 के हुए पहले दो इज़ाफ़ों में $175 प्रति महीना का और इज़ाफा जुड़ गया है, जिस से सहायता दरों में कुल $325 प्रति महीना की वृद्धि हो गई है। यह तीन इज़ाफ़े बी सी में 10 वर्ष के दौरान होने वाले पहले इज़ाफ़े थे। बजट 2021 में सीनियर सप्लीमेंट में भी $50 की बढ़ोतरी प्रदान की गई है- जो 1987 में इस के स्थापित होने के बाद पहली बढ़ोतरी है और इस से कम आमदनी वाले 80,000 बुज़ुर्गों को सहायता मिलेगी।

**चाइल्ड अपर्च्युनिटी बेनिफिट**

अक्तूबर 2020 से प्रभावी, लगभग 300,000 परिवारों को चाइल्ड अपर्च्युनिटी बेनिफिट मिलना शुरू हुआ है, जो बच्चे के 18 साल का हो जाने तक जारी रहेगा, जब कि पहले बेनिफिट छह साल की आयु पर बंद हो जाते थे। एक बच्चे वाले परिवारों को प्रति वर्ष $1,600 तक, दो बच्चों वाले परिवारों को $2,600 तक, और तीन बच्चों वाले परिवारों को $3,400 तक प्राप्त होते हैं। कुल मिला कर, बी सी में परिवारों को इस वर्ष चाइल्ड अपर्च्युनिटी बेनिफिट के द्वारा $410 मिलियन प्राप्त होंगे।

**आवासहीनता का सामना कर रहे लोगों के लिए सहायता साधन**

एक ऐसे समय  में जब ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को घरों में रहने के लिए, हाथ धोते रहने के लिए और सुरक्षित रहने के लिए कहा गया था, तो आवासहीनता का सामना कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप में ख़तरा था। बी सी ने शरण-स्थानों के विकल्पों में विस्तार कर के तुरंत कार्यवाही की, जिस में होटलों के कमरे किराये पर ले कर और लोगों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए सेवाएं देने वाले आपात शरण-स्थानों के द्वारा 3,000 से अधिक अस्थाई स्थानों का प्रबंध करना शामिल है। बजट 2021 में शामिल है:

- आवासहीनता का या ऐसा होने के खतरे का सामना कर रहे लोगों तक सहायता साधन और सेवाएं पहुँचाने के लिए 2021-22 में अधिकतर $265 मिलियन ताकि 3,000 अस्थाई आपात शरण-स्थानों और होटल स्थानों को बरकरार रखा जा सके जिन के साथ आवासहीनता का सामना कर रहे लोगों को महामारी के दौरान जाने के लिए एक सुरक्षित स्थान का सहारा मिला है।
- रेपिड हाउसिंग इनिशिएटिव के हिस्से के रूप में फेडरल सरकार के साथ हिस्सेदारी के अंतर्गत और अधिक स्थायी सहायक आवास खोलना।

यह आपात उपाय इस समय आवासहीनता का सामना कर रहे लोगों को सहारा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम हैं, और सरकार भाईचारक भागीदारों के साथ सहयोग करती रहेगी ताकि लोगों के लिए परिणामों में सुधार करते रहने के लिए रोकथाम, और अधिक आवास विकल्पों, और सहायता सेवाओं पर आधारित एक तालमेल-युक्त कार्यवाही की जा सके।

**बी सी के लिए एक अधिक न्यायसंगत भविष्य का निर्माण**

बजट 2021 यह चीजें प्रदान कर के उन लोगों की मदद करने के लिए आगे तक जाता है जिन को इस की सब से अधिक ज़रूरत है, जिस में मूलवासी भाईचारे, अपंगता वाले लोग, महिलाएं और युवक शामिल हैं:

- $85 मिलियन माली योजना के दौरान, ताकि परिवारों, बच्चों और युवकों के लिए सेवाओं में सहायता दी जा सके, जिस में देखभाल के अधीन बच्चों के लिए अधिकतर माली मदद, और अपंगता वाले बच्चों के लिए डाक्टरी उपकरणों के लिए और वह बच्चे जो बहरे हैं या जिन को कम सुनाई देता है, उन के लिए बच्चों के लिए सेवाओं के लिए और अधिक माली मदद शामिल है।
- $367 मिलियन की नई माली मदद तीन वर्षों के दौरान कम्युनिटी लिविंग बी सी के लिए, ताकि विकास अपंगता वाले 24,000 से अधिक बालिग़ों और उन के परिवारों को सहायता साधन और  सेवाएं प्रदान की जा सकें।

- $132 मिलियन तीन वर्षों के दौरान एक ऐसी न्याय प्रणाली के लिए जो सभी ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को सेवाएं प्रदान करती है और विशेष रूप में महिलाओं, प्रत्यक्ष अल्पसंख्यकों, अकेले माँ-बाप, शरणार्थियों, मूलवासी लोगों, 2ऐस्स ऐल्ल जी बी टी क्यू+ (2SLGBTQ+) समुदाय के सदस्यों और कम आमदनी वाले लोगों को इंसाफ़ तक समय रहते और न्यायसंगत पहुँच प्रदान करता है।
- $45 मिलियन माली योजना के दौरान, फ़स्ट नेशन्ज़ की सांस्कृतिक सुरक्षा और नम्रता प्रशिक्षण के लिए और हर एक क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकरण में मूलवासी संपर्क व्यक्ति लगाने के लिए, ताकि प्रशिक्षण और शिक्षा के द्वारा स्वास्थ्य-संभाल प्रणाली में व्यवस्थागत मूलवासी नस्लवाद के समाधान में सहायता हो सके।
- $20 मिलियन माली योजना के दौरान, ताकि ऐबोरिजिनल हेड स्टार्ट प्रोग्राम, जो बिना फ़ीस के मूलवासी परिवारों को सांस्कृतिक लिहाज़ से उचित देखभाल प्रदान करता है, में 400 और स्थान जोड़े जा सकें।
- $17 मिलियन, ताकि मूलवासी हुनर प्रशिक्षण प्रोग्राम के द्वारा प्रोग्रामों तक पहुँच का दायरा बढ़ाने के लिए सैंकड़ों मूलवासी भाईचारों और संस्थाओं के साथ भागीदारी की जा सके।
- एक ऐसा क्षेत्र, जिस में वह समूह जो असंगत ढंग से प्रभावित हुए हैं, श्रमिक संख्या के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन की आर्थिक पुन:प्राप्ति को सहारा देने के लिए पर्यटन निवेश।

सरकार नस्लवाद के विरुद्ध जंग लड़ने के लिए और बी सी को हर एक के लिए और अधिक स्वागत-पूर्ण और समावेशी बनाने के लिए वचनबद्ध है। प्रांतीय सरकार बी सी मानव अधिकार कमीशन की बहाली के साथ, स्कूलों के लिए और अधिक मज़बूत नस्लवाद-विरोधी सहायता साधनों के द्वारा और नस्ल-आधारित आंकड़े एकत्रित करने के बारे में नया नस्लवाद-विरोधी एक्ट और विधान बना कर निरंतर नस्लवाद के साथ निपटती आ रही है।

बजट 2021 के द्वारा बाल-संभाल को आगे बढ़ाने के लिए, जीवन को और अधिक वहन करने योग्य बनाने के लिए, निर्धनता को घटाने के लिए, अर्थपूर्ण मेल-मिलाप की प्रगति के लिए नए निवेश किए गए हैं और वह सेवाएं जिन पर लोग ब्रिटिश कोलंबिया के लिए भविष्य की एक ऐसी आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए भरोसा करते हैं जिस में हर कोई शामिल हो, में निवेश किया गया है।

**संपर्क:**
वित्त मंत्रालय
मीडिया संपर्क
250 387-5710